हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखण्ड)–246174
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University)

Ref.No.: HNBGU/ RO /2025/ 354 Date: 29 / 10 /2025

## कार्यालय आदेश

गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार के पत्र संख्याः अ०शा०पत्र सं० 1–19034 / 09 / 2025–एनआई–II दिनांक 24.10.2025 (प्रति संलग्न) के क्रम में सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में दिनांक 31.10.2025 को **'राष्ट्रीय एकता दिवस'** के रूप में मनाये जाने हेतु **डॉ० राकेश नेगी, राजनीति विज्ञान विभाग, बिड़ला परिसर** को **नोडल अधिकारी** नियुक्त किया जाता है।

उक्त आदेश सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदनोपरान्त जारी किया जा रहा है।

कुलसचिव

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित–**

1. डॉ० राकेश नेगी, राजनीति विज्ञान विभाग, बिड़ला परिसर।
2. समस्त संकायाध्यक्ष्ज्ञ / विभागाध्यक्ष।
3. अधिष्ठाता छात्र कल्याण / नियंता।
4. निजी सचिव, कुलसचिव / वित्त अधिकारी / परीक्षा नियंत्रक।
5. सहायक कुलसचिव, कुलपति सचिवालय, माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
6. प्रभारी सिस्टम मैनेजर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त आदेश को विश्वविद्यालय वैबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
7. कार्यालय प्रति।

कुलसचिव

अमित शाह
AMIT SHAH

(13)

शिक्षा मंत्रालय/Min. of Education
24 OCT 2025
स्कैन/SCANNED

सत्यमेव जयते

गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री
भारत सरकार

**अ.शा.पत्र सं. 1-19034/09/2025-एनआई-II**
**दिनांक: 24 अक्टूबर, 2025**

24/x/25

**श्री धर्मेन्द्र प्रधान जी,**

हम सभी लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती, **31 अक्टूबर** को, पूरे देश में बड़े उत्साह और गर्व के साथ **'राष्ट्रीय एकता दिवस'** के रूप में मनाते आ रहे हैं। यह दिवस हमें राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने का अवसर प्रदान करता है। यह हमारे लिए अत्यंत हर्ष और गौरव का विषय है कि इस वर्ष राष्ट्र **सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती** मना रहा है। सरदार पटेल ने एक **एकजुट, सशक्त और समृद्ध भारत** का स्वप्न देखा था, जिसे उन्होंने अपने अद्भुत नेतृत्व, दूरदृष्टि और दृढ़ निश्चय से यथार्थ रूप प्रदान किया। उनकी इसी प्रेरणा से **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी** ने **"एक भारत, श्रेष्ठ भारत"** का भावपूर्ण संकल्प प्रस्तुत किया; एक ऐसा दृष्टिकोण जो भारत की **"एकता में विविधता"** की शाश्वत भावना को प्रत्येक राज्य, भाषा, संस्कृति और परंपरा में सशक्त रूप से जीवंत बनाता है।

इसी उपलक्ष्य में, **31 अक्टूबर 2025** को स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, एकता नगर, गुजरात में **'एकता परेड'** का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें राज्य पुलिस बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों तथा एनसीसी कैडेटों की भागीदारी होगी। इस वर्ष विशेष रूप से विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की **झाँकियाँ** भी परेड का हिस्सा बनेंगी। एकता दिवस की पूर्व संध्या अर्थात् **30 अक्टूबर 2025** को एकता नगर में सरदार पटेल पर आधारित नाट्य प्रस्तुति का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, **एकता दिवस (31 अक्टूबर 2025)** से लेकर **जनजातीय गौरव दिवस (01 नवम्बर 2025 से 15 नवम्बर 2025)** तक एकता नगर में विविध गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा, जिसमें सभी राज्य/केंद्र शासित प्रदेश अपने पर्यटन स्थलों/स्मारकों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, फूड स्टॉल्स, हस्तशिल्प एवं शिल्पकारों का प्रदर्शन करेंगे।

मैं आपसे अनुरोध करता हूँ कि **31 अक्टूबर, 2025** को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने हेतु अपने प्रशासन को उचित **निर्देश, मार्गदर्शन और सहयोग** प्रदान करें। 31 अक्टूबर, 2025 को एकता दिवस को मनाने हेतु अन्य उपयुक्त कार्यक्रम के साथ-साथ निम्नलिखित कार्यक्रम भी आयोजित किए जा सकते हैं:

लगातार ....

कार्यालय : गृह मंत्रालय, नॉर्थ ब्लाक, नई दिल्ली–110001
दूरभाष : 23092462, 23094686, फैक्स : 23094221

(i) **राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह** का आयोजन किया जा सकता है। **'एकता दिवस'** प्रतिज्ञा का पाठ संलग्न है।

(ii) पूरे देश में राष्ट्रीय एकता के संदेश को फैलाने के लिए, समाज के सभी वर्गों के लोगों के सहयोग से, उचित स्थानों पर **'रन फॉर यूनिटी'** का भी आयोजन किया जा सकता है।

यह सुनिश्चित किया जाए कि **राष्ट्रीय एकता दिवस** को पूरे उत्साह, ऊर्जा और सहभागिता के साथ मनाया जाए, ताकि यह आयोजन **"एक भारत, श्रेष्ठ भारत"** की भावना को नई ऊँचाइयाँ प्रदान करे और सरदार पटेल जी की **150वीं जयंती** को एक **भव्य, प्रेरक और जन सहभागिता से परिपूर्ण उत्सव** के रूप में स्मरणीय बनाए।

**सादर,**

आपका,

**(अमित शाह)**

**श्री धर्मेन्द्र प्रधान,**
मंत्री, शिक्षा मंत्रालय,
भारत सरकार,
सी-विंग, शास्त्री भवन,
नई दिल्ली - 110 001

# एकता दिवस शपथ

मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करुंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करुंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ।

# EKTA DIWAS PLEDGE

I solemnly pledge that I dedicate myself to preserve the unity, integrity and security of the nation and also strive hard to spread this message among my fellow countrymen. I take this pledge in the spirit of unification of my country which was made possible by the vision and actions of Sardar Vallabhbhai Patel. I also solemnly resolve to make my own contribution to ensure internal security of my country.